हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

वंदे मातरम्

प्रेषक	सेवा में,
सचिव, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी ।	सभी संबंधित, प्राचार्य/मुख्याध्यापक/आचार्य गुरूकुल, राजकीय/अराजकीय विद्यालय।

क्रमांक:2723/एनरोलमैन्ट   **महत्वपूर्ण सूचना**   दिनांक: 08/07/2026

विषयः– शैक्षिक सत्र 2025–26 के कक्षा 9वीं एवं 11वीं के अंक अपलोड करने बारे।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय बारे आपको सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य के सभी राजकीय/अराजकीय विद्यालयों/गुरूकुलों/विद्यापीठों के शैक्षिक सत्र 2025–26 के कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्रों/छात्राओं के वार्षिक परीक्षा अंक अपलोड करने हेतु सम्बन्धित पोर्टल दिनांक 20.04.2026 से 07.07.2026 तक खोला गया था। अब इस कार्य के लिए पोर्टल दिनांक 08.07.2026 से 24.07.2026 तक पुनः खोला जा रहा है।

शैक्षिक सत्र 2024–25 में कक्षा 10वीं के परीक्षार्थियों का कम्पार्टमैन्ट था तथा ऐसे परीक्षार्थियों का कक्षा 11वीं में विद्यालयों द्वारा परीक्षा परिणाम RLE करवाया गया था, परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम RLE से हटाया जाना है एवं मार्क्स अपडेट किए जाने है। कक्षा दसवीं में अनुत्तीर्ण होने की अवस्था में परिणाम Cancelled किया जाना है।

अतः आप सभी से अनुरोध किया जाता है कि उक्त निर्धारित अवधि के दौरान बोर्ड की आधिकारिक वैबसाईट पर दिए गए लिंक से अपने–अपने विद्यालयों के पोर्टल पर लॉगिन आई.डी./पासवर्ड से लॉगिन करते हुए कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्रों/छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक उक्त दर्शाई गई तिथियों में अपलोड करवाना सुनिश्चित करें अन्यथा अंक अपलोड न करने की स्थिति में ऐसे छात्रों को कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा मे बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगीं, इसके लिए विद्यालय स्वयं जिम्मेवार होगा।

नोटः– किसी भी प्रकार की तकनीकी कठिनाई के लिए दूरभाष न0 01664–254300 या 01664–254302 पर किसी भी कार्यदिवस में 9:00 A.M. से 5:00 P.M. तक सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त एनरोलमैन्ट शाखा की ई–मेल आई0डी0 asenr@bseh.org.in पर भी ई–मेल भेजी जा सकती है

08/07/26

सहायक सचिव (एनरोलमैन्ट/सम्बद्धता)
कृतेःसचिव।